

02

महिलाओं को सशक्त बनाना आयोग का लक्ष्य: रेखा शर्मा

# आज समाज

www.aajsamaaj.com

04

समस्याएं है हजार, सुनने और सुधारने वाला एक नहीं: गिरीश भारद्वाज



नई दिल्ली, पृष्ठ-04, बुधवार, 15 मार्च 2023

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र

विक्रमी संवत 2080, अमांत-फाल्गुन, कृष्ण पक्ष अष्टमी, मूल्य, 3.50 रुपए

# निबंध लेखन प्रतियोगिता में सुजाता प्रथम

सुमित गोयल

**बल्लभगढ़।** अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ में मंगलवार को कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ के अन्तर्गत एक निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस निबंध लेखन प्रतियोगिता के विषय मानव अधिकार, मौलिक कर्तव्य, घरेलू हिंसा से महिलाओं की सुरक्षा कन्या भ्रूण हत्या, सूचना का अधिकार और नशा मुक्ति रहा।

इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता ने विद्यार्थियों को कानूनी अधिकार और कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहने को कहा प्रत्येक विद्यार्थी को आधारभूत कानून के विभिन्न पहलुओं की सामान्य जानकारी होनी चाहिए। जब विद्यार्थियों को कानूनी साक्षरता के बारे में जानकारी होती है तो वे कानून का पालन करेंगे और समाज के लोगों को उनके अधिकार व कानून के बारे में जागरूक करेंगे। इस निबंध लेखन प्रतियोगता में महाविद्यालय के दोनों संभाग से 21 विद्यार्थी ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सुजाता बीए द्वितीय वर्ष ने प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर निशु बीकॉम ऑनर्स द्वितीय वर्ष व तृतीय स्थान सुदेशना कुमारी बीएससी द्वितीय वर्ष ने प्राप्त किया। निर्णायक मंडल की भूमिका राजनीति विभाग की सहायक प्रोफेसर कुमारी उदिता कुंडू व अंग्रेजी विभाग की सहायक प्रोफेसर शैली मालिक ने निभाई द्य यह कार्यक्रम डॉ. रितु, डॉ. शोभना गोयल व श्रीमती अनीता वशिष्ट के सहयोग से संपन्न हुआ।




प्रतियोगिता में भाग लेते हुए विद्यार्थी। आज समाज